प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री स्वनिधि कार्यक्रम के तहत छियासी अरब रुपये के बंटे ऋण, 50 लाख से अधिक रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य हुआ पूरा।
2. आयुष्मान भवः अभियान के तहत देश के चौंसठ हजार लोगों ने लिया अंगदान करने का संकल्प, झारखंड में अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए बनेगी वेबसाइट।
3. पारा शिक्षकों को सेवानिवृत्त होने पर उनके अंशदान के अनुसार मिलेगी एकमुश्त राशि, कल्याण कोष के लिए पारा शिक्षकों के मानदेय से हर माह कटेंगे पांच सौ सात रुपये।
4. हांगचोओ एशियाई खेलों में भारतीय जोड़ी ज्योति और ओजस ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई।

**********************

रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने संबंधी प्रधानमंत्री स्वनिधि कार्यक्रम के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं की शहरी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत इस कार्यक्रम के जरिये लाभार्थियों को औपचारिक आर्थिक दायरे में शामिल करने और विकास के नये अवसर प्रदान करने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य इस योजना को सुलभ बनाना है। मंत्रालय ने इस वर्ष पहली जुलाई से इस कार्यक्रम के अंतर्गत संशोधित लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया। संयुक्त प्रयासों की बदौलत 86 अरब रुपये के ऋण, पचास लाख से अधिक लाभार्थियों को वितरित किये गये।

**********************

आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत करीब 64 हजार लोगों ने अंगदान करने का संकल्प लिया है। यह अभियान इस वर्ष 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी अंगदान के लिए पंजीकरण कराया है। श्री मांडविया ने कहा है कि आयुष्मान भवः अभियान सफल रहा।

**********************

राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत मृत व्यक्ति के शरीर से निकाले गये स्वस्थ अंग को सही समय पर प्रत्यारोपित किया जा सकेगा। इसके लिए मेडिकल कॉलेज और आई बैंकों में समन्वय स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया गया है। स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए अलग वेबसाइट बनाई जाएगी, जिसमें राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और आई बैंकों को जोड़ा जाएगा। यह निर्णय कल स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन–सोटो की राज्यस्तरीय बैठक में लिया गया।

**********************

राजधानी रांची सहित राज्य में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए रांची के सदर अस्पताल में डेंगू की जांच मुफ्त करने की व्यवस्था शुरू की गई है। इस जांच के लिए पहले मरीजों से 30 रुपए लिये जाते थे, लेकिन अब इसे मुफ्त किया गया है। यहां हर दिन 135 से 150 ब्लड सैंपल की जांच की जा रही है।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ में रांची हिंसा की एनआइए जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर कल सुनवाई हुई। इस मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी।

**********************

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक कल होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राजधानी रांची के प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इसे लेकर सभी विभागों को इस संबंध में प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया है।

**********************

सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आज बादल फटने के कारण तीस्ता नदी में बाढ़ आने के बाद अलर्ट जारी किया है। इस घटना में सेना के तेईस जवान लापता हैं।

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। श्री सोरेन ने अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा है कि सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में सेना के जवानों के लापता होने की दुःखद खबर मिली है। लापता जवानों की कुशलता के लिए परमात्मा से कामना करता हूँ।

**********************

गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड के रूप में चुना गया है।

**********************

गोड्डा जिले के आकांक्षी ब्लॉक सुंदर पहाड़ी में स्वास्थ्य एक संकल्प सप्ताह के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 13 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू में 28 करोड़ की लागत से बने मेधा डेयरी के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। पांच एकड़ की भूमि पर पलामू में स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। मेधा डेयरी प्लांट से पलामू प्रमंडल के 25 हजार से अधिक पशुपालक किसानों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में यहां दूध की पैकेजिंग होगी। पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है।

**********************

राज्य में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत पारा शिक्षकों को सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त राशि मिलेगी। साथ ही किसी पारा शिक्षक के सेवाकाल के दौरान आकस्मिक निधन पर उसके आश्रित को एकमुश्त राशि मिलेगी। यह राशि कल्याण कोष में पारा शिक्षकों द्वारा शेष सेवाकाल में जमा की जानेवाली राशि के आधार पर तय होगी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी की अध्यक्षता में पारा शिक्षक तथा बीआरपी–सीआरपी संघों के साथ कल हुई बैठक में इसपर सहमति बनी। कल्याण कोष के लिए पारा शिक्षकों को प्रत्येक माह 507 रुपये का अंशदान देना होगा, जो उनके बैंक खाते से कटेगा। यह बीआरपी, सीआरपी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की शिक्षिकाओं तथा कर्मियों पर भी लागू होगा।

**********************

भारत सरकार के कोयला सचिव अमृतलाल मीणा ने कल राजधानी रांची स्थित सीएमपीडीआई में आयोजित कार्यक्रम में कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास पर आयोजित प्रथम हैकथॉन 2023 के विजेताओं को पुरस्कृत

किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कोयला मंत्रालय और सीएमपीडीआई ने मिलकर किया। इस मौके पर कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, कोल इंडिया के मार्केटिंग निदेशक मुकेश चौधरी, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, कोयला मंत्रालय के परियोजना सलाहकार आनंदजी प्रसाद मौजूद रहे।

**********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से रूक–रूककर भारी बारिश हो रही है। वहीं पिछले चौबीस घंटे के दौरान कोल्हान, संताल और पलामू प्रमंडल समेत राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज के लिए बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर कल से अगले तीन दिनों तक रूक–रूक कर बारिश होती रहेगी।

**********************

हांगचोओ एशियाई खेलों में आज भारतीय जोड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही एशियाई खेलों में भारत अबतक इकहत्तर पदक जीत चुका है, और यह देश का अबतक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है।

इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है।

वहीं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भारत ने इस बार एशियाई खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अभी इस आयोजन के समापन में पांच दिन बाकी हैं।

वर्ष दो हजार अठारह में जकार्ता एशियाई खेलों में भारत को 70 पदक मिले थे। इस बार हांगचोओ में भारत अब तक 71 पदक जीत चुका है।

********समाप्त********